## *जनपद-संतकबीरनगर प्रेस विज्ञप्ति दिनाँक 09.11.2024*

***दबिश के दौरान वारण्टी 02 अभियुक्त गिरफ्तार***

पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में **महुली पुलिस द्वारा** वारण्टी नाम दुर्गा शंकर तिवारी पुत्र सरयू प्रसाद तिवारी निवासी अच्क्षती थाना महुली जनपद संतकबीर नगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री वीरेन्द्र मिश्र, हे0का0 जुबेर अली, का0 अमरजीत यादव।

**मेंहदावल पुलिस द्वारा** वारण्टी नाम राजाराम पुत्र रामदास निवासी ठाकुर द्वारा थाना मेंहदावल जनपद संतकबीर नगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरणः-** उ0नि0 श्री सहेन्द्र यादव, का0 मिन्टू गुप्ता।

***शान्ति भंग (170/126/135 बीएनएसएस) में 02 अभियुक्त गिरफ्तार***

- *थाना बखिरा पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
- *थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा* 170 / 126 / 135 बीएनएसएस में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

***मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 191 वाहनों से 2,09,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया***

आज दिनांक 09.11.2024 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 191 वाहनों से 2,09,000 रु0 सम्मन शुल्क वसूल किया गया।

***कूटरचित व गलत तथ्य प्रस्तुत कर फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवाकर विदेश यात्रा करने के मामले में अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार***

जनपद संतकबीर नगर के ***थाना कोतवाली खलीलाबाद*** पर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 215/2023 धारा 420/120बी भादवि व 8/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवं 12 पासपोर्ट अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त शब्बीर अहमद अंसारी पुत्र गुलाम मोहम्मद अंसारी निवासी मोहद्दीनपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया था। उक्त अभियुक्त शब्बीर अहमद अंसारी उपरोक्त दिनांक 04.11.2024 को सउदी अरब से फ्लाइट के द्वारा मुम्बई एयरपोर्ट पर उतरा था। उसी दौरान मुम्बई एयरपोर्ट के अधिकारियों द्वारा अभियुक्त शब्बीर अहमद अंसारी उपरोक्त को अभिरक्षा में लेकर उसके सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक संतकबीर नगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** को सूचना प्रेषित की गयी थी। इस सूचना से अवगत होने के पश्चात थाना कोतवाली खलीलाबाद पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनीष कुमार जायसवाल, हे0का0 सम्पूर्णानन्द यादव दिनांक 05.11.2024 को अभियुक्त उपरोक्त की न्यायिक अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त करने हेतु मुम्बई के लिए रवाना हुये थे। अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मुम्बई से ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर, उक्त पुलिस बल आज दिनांक 09.11.2024 को अभियुक्त शब्बीर अहमद अंसारी उपरोक्त को साथ लेकर मुम्बई से खलीलाबाद, संत कबीर नगर उपस्थित आये। अभियुक्त शब्बीर अहमद अंसारी उपरोक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

***बरामदगी-*** 02 अदद पासपोर्ट, 01 अदद बोर्डिंग पास Swissport, 01 अदद एन्ड्रायड मोबाईल फोन।